मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4 एम.एम.डी.ई.-015

बी. एड. विशेष शिक्षा (बी. ई. डी. एस. ई.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2019

एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घण्टे अधिकतम अंक : 50

नोट : इस प्रश्न पत्र के कुल तीन भाग हैं : भाग 'क', 'ख' और 'ग'। प्रत्येक भाग के नीचे प्रश्न हल करने सम्बन्धी निर्देश दिए गए हैं। उन्हें ध्यान से पढ़ें।

भाग—क (5 × 2 = 10)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. मातृभाषा और मानक भाषा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

2. श्रुतलेख की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए। 2

3. अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं ? समझाइये। 2

4. भाषा शिक्षण के चार उद्देश्य कौन-से हैं ? 2

5. स्वराघात से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित समझाइये। 2

भाग—ख (4 × 5 = 20)

नोट : किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

6. शब्दशक्ति से आप क्या समझते हैं ? यह कितने प्रकार की होती है ? उदाहरण सहित समझाइये। 5

7. भाषाई कौशल के विभिन्न पक्षों का वर्णन कीजिए। 5

8. भाषा शिक्षण में व्याकरण शिक्षण का क्या महत्त्व है ? स्पष्ट कीजिए। 5

9. साँचा अभ्यास के प्रमुख अभ्यासों की चर्चा कीजिए। 5

10. "कविता शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य काव्य-सौन्दर्य की अनुभूति है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने विचार लिखिए। 5

भाग—ग (10 × 2 = 20)

नोट : दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

11. आत्मकथा और जीवनी में अन्तर स्पष्ट कीजिए। नागार्जुन लिखित प्रेमचन्द की जीवनी के आधार पर मुंशीजी के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 10

अथवा

"नाटक" से क्या अभिप्राय है ? नाटक की अभिनेयता पर प्रकाश डालिए।

12. कहानी के विभिन्न तत्वों को स्पष्ट करते हुए किसी अपनी पसन्द की कहानी तथा कहानीकार पर टिप्पणी कीजिए। 10

अथवा

निबन्ध का आशय स्पष्ट करते हुए निबन्ध की विभिन्न शैलियों पर प्रकाश डालिए।